# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

गुरुवार, दिनांक 15 मार्च, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन एवं पदों की पूर्ति

1. (*क्र. 715) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में 01 फरवरी, 2007 की स्थिति में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत है ? स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रो में कार्यकर्ता एवं सहायिका के कितने पद स्वीकृत है ? स्वीकृत पद के विरुद्ध कितने कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की गई ? (ख) जांजगीर-चांपा जिले में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों के तहत कितने केन्द्र भवन विहीन केन्द्र है भवन निर्माण की स्वीकृति कब तक प्रदान की जावेगी ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की स्थिति में कुल 1361 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत है. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1361 तथा सहायिका के 1361 पद स्वीकृत है. स्वीकृत पद के विरुद्ध 1330 कार्यकर्ता एवं 1330 सहायिकाओं की नियुक्ति की गई है. (ख) जिले में कुल 864 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है. निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

सर्व शिक्षा अभियान के तहत राशि का आवंटन

2. (*क्र. 306) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. को सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2006-07 के लिए कुल कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई, इस योजना में राज्यांश की राशि कितनी-कितनी है ? (ख) 31-12-2006 तक रायगढ़ जिले में कुल आवंटन के विरुद्ध कितनी-कितनी राशि का खर्च की गयी है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) कुल राशि 506.60 करोड़ प्राप्त हुई. इस योजना में 25 प्रतिशत राज्यांश राशि 168.86 करोड़ है. (ख) कुल आवंटन राशि 15.60 करोड़ के विरुद्ध राशि 15.45 करोड़ खर्च किया गया.

विधान सभा क्षेत्र कटघोरा में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र

3. (*क्र. 871) **श्री बोधराम कंवर ;** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के प्रत्येक विकासखण्ड में कहां-कहां आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है तथा कितने भवन विहीन है ? (ख) वर्ष 2006-07 में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है ? विकासखण्डवार/ग्रामवार जानकारी दें.

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के विकासखण्ड कटघोरा में 270, पाली में 68 एवं कोरबा (शहरी) में 153 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. जिसमें विकासखण्ड कटघोरा में 79, विकासखण्ड पाली में 24 एवं कोरबा (शहरी) में 105 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन स्वीकृत नहीं है. सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है. (ख) वर्ष 2006-07 में कोरबा जिला के किसी भी विकासखण्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है. अत: प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एव सहायिकाओं की नियुक्ति

4. (*क्र. 1321) **श्री रामदयाल उइके :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिला अंतर्गत विकासखंड पोंडी, उपरोड़ा एवं विकासखंड पाली में वर्ष 2005-06 एवं वर्ष 2006-07 में कितने-कितने आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये ? (ख) क्या

उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई ? यदि हां, तो किस तारीख को ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) वर्ष 2005-06 में कोरबा जिले अंतर्गत विकासखण्ड पोंडी उपरोड़ा में 30 एवं विकासखण्ड पाली में 58 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये गये हैं. वर्ष 2006-07 में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत नहीं किये गये हैं. स्वीकृत एवं संचालित केन्द्रों की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) विकासखण्ड पोंडीउपरोड़ा में की गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति की जांच हेतु कलेक्टर कोरबा को निर्देशित किया गया है. विकासखण्ड पाली में कुल 42 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई है. विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

## तखतपुर विधान सभा क्षेत्र में "सरस्वती योजना" से लाभान्वित छात्राओं की संख्या

5. (*क्र. 1579) **श्री बलराम सिंह** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या स्कूलों में अध्ययनरत आदिवासी छात्राओं को "सरस्वती योजना" के अन्तर्गत नि: शुल्क साईकिल प्रदान की गई ? (ख) यदि हां, तो तखतपुर विधान सभा क्षेत्र में कितनी आदिवासी छात्राओं को साईकिल प्रदान की गई हैं ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. वर्ष 2005-06 में की गई. वर्ष 2006-07 में साइकिलें प्रदान की जा रही है. (ख) वर्ष 2005-06 में 67 आदिवासी छात्राओं को.

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति हेतु मापदण्ड

6. (*क्र. 1701) **श्री धनेन्द्र साहू** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर जिले की अभनपुर एवं आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के कितने-कितने पद स्वीकृत किये गये हैं ? कितने नियुक्त किये गये ? आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सहायिका की नियुक्ति एवं चयन हेतु क्या-क्या मापदंड एवं नियम निर्धारित किये गये थे ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : रायपुर जिले के अभनपुर एवं आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र में 479 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 479 आंगनबाड़ी सहायिका के पद स्वीकृत किये गये हैं. इन स्वीकृत पदों के विरुद्ध 461 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 467 आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति एवं चयन हेतु निर्धारित मापदण्ड एवं नियम की प्रति पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

## आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन निर्माण

7. (*क्र. 1564) **लाल महेन्द्र सिंह टेकाम** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के विकासखण्ड डौंडीलोहारा एवं डौंडी में दिसम्बर, 2005 से दिसम्बर 2006 तक कितने नये आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत हुए हैं ? विकासखण्डवार स्वीकृत केन्द्र का नाम सहित पृथक-पृथक जानकारी बतावें ? (ख) विकासखण्ड डौंडीलोहारा एवं डौंडी में किन-किन आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण हेतु स्वीकृति कब-कब प्राप्त हुई है ? (ग) डौंडी विकासखण्ड में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) दुर्ग जिले में विकासखंड डौंडीलोहारा एवं डौंडी में माह दिसम्बर 2005 से माह दिसम्बर 2006 की अवधि में क्रमश: 64 एवं 41 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये गये हैं ? विकासखण्डवार स्वीकृत केन्द्रों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट एक (अ) एवं (ब) अनुसार है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट दो (अ) एवं (ब) अनुसार है. (ग) डौण्डी विकासखंड में 60 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है.

## सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूलों हेतु राशि का प्रावधान

8. (*क्र. 1728) **श्री त्रिलोचन पटेल** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत टी. एल. ई. के तहत कितनी राशि का प्रावधान स्कूलों के लिए वर्ष 2006-07 में किया गया ? (ख) कंडिका "क" की राशि से वर्ष 2006-07 में कितनी राशि की खरीदी हुई ?

---

† परिशिष्ट "एक"

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) कुल राशि 2182.10 लाख. (ख) कुल राशि 38.165 लाख की खरीदी की गई.

विभिन्न विभागों को आवंटित बजट एवं व्यय राशि

9. (*क्र. 393) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में वर्ष 2006-07 के लिए अनुमोदित बजट राशि एवं 31-1-2007 तक उसके विरुद्ध व्यय की गई राशि कितनी-कितनी है ? (ख) वर्ष 2005-06 में उपरोक्त विभागों के लिए निर्धारित बजट राशि एवं व्यय की जानकारी दी जावे ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) लोक निर्माण, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास में वर्ष 2006-07 के लिये अनुमोदित बजट राशि एवं विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31-01-2007 तक उसके विरुद्ध व्यय की गई राशि निम्नानुसार है :-

(राशि लाख रु. में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | विभागों के लिए निर्धारित 2006-07 की राशि (प्रथम तथा द्वितीय अनुपूरक को शामिल करते हुए) | 31-01-2007 तक व्यय की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | लोक निर्माण | 156569.69 | 78553.05 |
| 2. | जल संसाधन | 93026.63 | 44494.57 |
| 3. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 109621.73 | 48366.78 |

(ख) वर्ष 2005-06 में उपरोक्त विभागों के लिए निर्धारित बजट राशि एवं विभागों से प्राप्त व्यय की जानकारी निम्नानुसार है :-

(राशि लाख रु. में)

| स. क्र. | विभाग का नाम | विभागों के लिए निर्धारित पुनरीक्षित बजट अनुमान (2005-06) | व्यय की गई राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | लोक निर्माण | 77741.42 | 73831.05 |
| 2. | जल संसाधन | 78048.87 | 64051.89 |
| 3. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 78986.07 | 62826.23 |

विभाग द्वारा क्रय नमक का भुगतान

10. (*क्र. 1721) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कब से किस दर पर किससे नमक क्रय कर भुगतान किया जा रहा है ? (ख) क्या नमक क्रय हेतु निविदा जारी की गई ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विभाग हेतु वर्ष 2003-04 से प्रति 500 ग्राम 3.50 रुपये की दर से सी. एस. आई. डी. सी. के माध्यम से मेसर्स प्रिंस इन्टरनेशनल भुवनेश्वर (उड़ीसा) से नमक का क्रय किया जा रहा है. (ख) जी हां. सी. एस. आई. डी. सी. द्वारा निविदा दिनांक 01-02-2003 को जारी की गई. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रारंभ नवीन शालाएं

11. (*क्र. 1170) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत अरहागांव विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2006-07 में कहां-कहां प्रा. शाला, मा. शाला एवं हाई स्कूल खोले गए हैं ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत हाईस्कूल खोलने का प्रावधान नहीं है.

निर्धन कन्या सामूहिक विवाह संबंधी

12. (*क्र. 1013) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कबीरधाम जिले में वर्ष 2006 में कितने जोड़ों का सामूहिक विवाह किया गया ? जोड़ों को कौन-कौन सी सामग्री दी गई ? नकद के रूप में कितनी-कितनी राशि दी गई ? (ख) क्या निर्धन कन्या सामूहिक विवाह में दी गई सामग्री की खरीदी के लिये निविदा आमंत्रित की गई थी ? यदि हां, तो किस-किस फर्म के द्वारा निविदा फार्म भरा गया एवं किस फर्म को सामान सप्लाई का आर्डर दिया गया ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

प्रदेश में संचालित संस्कृत पाठशालाओं से संबंधित

13. (*क्र. 1371) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कुल कितनी संस्कृत पाठशालाएं संचालित हैं ? (ख) उक्त पाठशालाओं में से कितनी पाठशालाओं को शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) कुल 13. (ख) 03 पाठशालाओं को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एवं 06 पाठशालाओं को आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा अनुदान दिया जाता है.

विकलांग एवं वृद्धावस्था पेंशन राशि में वृद्धि संबंधी

14. (*क्र. 1127) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या विकलांगों को पेंशन राशि दी जाती है ? यदि हां तो कितनी ? पेंशन देने के मापदण्ड क्या हैं ? (ख) क्या यह सही है कि वृद्धापेंशन राशि में वृद्धि की गई है ? यदि हां तो कितनी ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास :** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जी हां. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत रुपये 150/- प्रतिमाह.

1. छत्तीसगढ़ के निवासी हो.
2. 6 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित नि:शक्त व्यक्ति :-
   - (अ) गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों के 6 से 14 वर्ष के वे नि:शक्त बच्चे जो स्कूल जाते हैं भले ही वे निराश्रित न हो.
   - (ब) 6 से 14 वर्ष के निराश्रित नि:शक्तों को सहायता की पात्रता तभी होगी जब वे विद्यालय में अध्ययनरत होंगे.
   - (स) 14 वर्ष से अधिक के निराश्रित नि:शक्त व्यक्ति.
   - (द) चिकित्सा मंडल का 40 प्रतिशत या उससे अधिक की नि:शक्तता का प्रमाण-पत्र सभी के लिए आवश्यक है.

(ख) जी हां. राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में अगस्त, 2006 से पेंशन राशि रुपये 150/- प्रतिमाह से बढ़ाकर रुपये 275/- प्रतिमाह की गई है.

† परिशिष्ट "दो"

फर्मों से वसूली हेतु शेष वाणिज्यिक कर की राशि

15. (*क्र. 584) **श्री नोबेल कुमार वर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि तारांकित प्रश्न क्रमांक 1964 दिनांक 09 मार्च, 2006 के प्रश्नांक "ग" में यह जानकारी दी गई है कि 31-01-2006 की स्थिति में 286 फर्मों की 5 लाख से अधिक की कर राशि वसूली हेतु शेष है ? (ख) यदि हां, तो 31 जनवरी, 2007 तक कितनी राशि की वसूली कर ली गई है एवं कितनी राशि की वसूली कितनी फर्मों से शेष है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1964, दिनांक 09 मार्च, 2006 के प्रश्नांश (ग) के उत्तर में 31-01-2006 की स्थिति में, 286 ऐसी फर्मों की जानकारी दी गई थी, जिनसे वसूल की जाने वाली राशि 5 लाख से अधिक थी. (ख) प्रश्नांकित अवधि तक रुपये 29.48 करोड़ की वसूली कर ली गई है, रुपये 89.45 करोड़ की वसूली 226 फर्मों से शेष है.

बिलासपुर जिले में सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी

16. (*क्र. 1779) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत 01-01-2006 से 31-01-2007 तक कितने स्कूल भवनों का निर्माण किसके माध्यम से कराया गया ? (ख) क्या कोटा विधान सभा क्षेत्र में उक्त निर्माण कार्यों की शिकायतें की गई हैं ? (ग) यदि हां, तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई हैं ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) 463 स्कूल भवनों का निर्माण कार्य जनभागीदारी एवं विकास समिति तथा 168 स्कूल भवनों का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराए जा रहे हैं. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

अवैध शराब पूर्ति करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही

17. (*क्र. 157) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में बिलासपुर जिले में किस-किस ठेकेदार को, किन-किन देशी/अंग्रेजी शराब दुकानों का ठेका दिया गया है ? (ख) वर्ष 2006 में बिलासपुर जिले में अवैध शराब के कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं ? (ग) अवैध शराब पूर्ति करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) 645 प्रकरण दर्ज किए गए हैं. (ग) किसी भी ठेकेदार द्वारा अवैध शराब की पूर्ति नहीं की गई है. अतः कार्यवाही करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

नगर पंचायत पाटन में निर्मित बस स्टेंड की भूमि संबंधी

18. (*क्र. 1481) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि जिला दुर्ग के नगर पंचायत पाटन में निर्मित बस स्टेंड की भूमि खसरा पांचसाला एवं निस्तार पत्रक में गौठान हेतु सुरक्षित है ? (ख) यदि हां, तो किस आधार पर उक्त भूमि पर बस स्टेंड का निर्माण किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी नहीं. गौठान हेतु सुरक्षित नहीं है. (ख) प्रश्न ही नहीं उपस्थित होता.

वाणिज्यिक कर बैरियर में अवैध वसूली

19. (*क्र. 1776) **श्री देवव्रत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र. 6 स्थित पाटेकोहरा वाणिज्य कर बैरियर से वर्ष 2006-07 (अक्टूबर, 2006 से 15 फरवरी, 2007) में अनाज (सोयाबीन, धान, सूरजमुखी) तथा लौह अयस्क अथवा स्पंज आयरन एवं सीमेंट के कुल कितने वाणिज्यिक कर चोरी के एवं अवैध अंतर्राज्यीय परिवहन तथा कर अपवंचन के प्रकरण दर्ज किए गए ? (ख) क्या राज्य शासन द्वारा पाटेकोहरा बैरियर के अतिरिक्त डोंगरगढ़-चिचोला मार्ग के संगम पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 6 पर अतिरिक्त जांच चौकी की स्थापना की गई है ? यदि हां, तो कब एवं किस-किस कर्मचारी को पदस्थ किया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) जी हां. राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 6 पर राजनांदगांव से 38वें और 39वें किलोमीटर के बीच, राज्य के बाहर से बाहर (Out to Out) जाने वाले वाहनों की जांच के लिए जांच चौकी दिनांक 12-06-2001 से स्थापित की गई है. वर्तमान में पदस्थ कर्मचारियों की सूची † संलग्न प्रपत्र "ब" में है.

एन. जी. ओ. द्वारा निष्पादित कार्य एवं प्रदत्त राशि

20. (*क्र. 956) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग द्वारा कौन-कौन सा कार्य एन. जी. ओ. के माध्यम से कराया जाता है ? (ख) दुर्ग में वर्ष 2005-06 एवं में किन-किन एन. जी. ओ. को किस-किस कार्य के लिये कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है.

विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तक वितरण

21. (*क्र. 1212) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 और 2006-07 में पहली से आठवीं कक्षा तक कक्षावार शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कितने-कितने विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें दी गई हैं ? (ख) वर्ष 2005-06 में एवं वर्ष 2006-07 में कक्षावार विभिन्न पुस्तकों की कीमतें क्या थीं ? कीमतों में अंतर का क्या कारण है ? (ग) छ. ग. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किन-किन प्रकाशकों से पुस्तकों की छपाई या खरीदी किस-किस दर पर की गई ? 31 जनवरी, 2007 तक प्रकाशकों को कुल कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया ? पुस्तक छपाई पश्चात् प्रकाशकों को भुगतान हेतु शेष राशि कितनी-कितनी है ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2005-06 में कक्षा पहली से आठवीं तक हिन्दी एवं उर्दू माध्यम के शासकीय स्कूलों के कुल 3863721 एवं अशासकीय स्कूलों के कुल 698614 विद्यार्थियों को तथा वर्ष 2006-07 में शासकीय स्कूलों के कुल 4277630 एवं अशासकीय स्कूलों के कुल 7,01,043 विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई है ? इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम के अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को वर्ष 2005-06 में 144108 एवं वर्ष 2006-07 में कुल 216389 पुस्तकें वितरित की गई है. विस्तृत विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 अ, ब, स पर है. (ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कक्षावार विभिन्न पुस्तकों की कीमत पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट क्रमांक -2 पर है. कीमतों में अंतर होने के कारण निम्नानुसार है :-

1. सत्र 2005-06 में अभ्यास पुस्तिकाओं का मुद्रण राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के द्वारा पृथक से कराया गया था तथा पाठ्यपुस्तकों का मुद्रण पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कराया गया. वर्ष 2006-07 में ये पुस्तिकाएं समेकित कर निगम द्वारा मुद्रित कराई गई है. निगम के द्वारा मुद्रित कराये जाने पर पुस्तिका की लागत में निगम के प्रशासकीय व्यय भी शामिल किया गया. फलस्वरूप कीमतों में अंतर हुआ है.

2. पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा सत्र 2005-06 में मुद्रकों से पुस्तकों का मय पेपर मुद्रण कराये गये थे तथा सत्र 2006-07 में पुस्तकों का मुद्रण निगम द्वारा स्वयं के पेपर पर कराया गया है. अत: सत्र 2005-06 की तुलना में सत्र 2006-07 में पुस्तकों की कीमतों में अंतर आया.

(ग) पाठ्यपुस्तक निगम स्कूली पाठ्यपुस्तकों का जिन मुद्रकों से छपाई कराया है उसकी सूची, छपाई दर, 31 जनवरी, 2007 तक भुगतान राशि तथा भुगतान हेतु शेष राशि की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-3 अ, ब पर है.

जिला बिलासपुर में अवैध शराब की बिक्री के दर्ज प्रकरण तथा की गई कार्यवाही

22. (*क्र. 1582) **श्री बलराम सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बिलासपुर अंतर्गत वर्ष 2005-06 में अवैध शराब बिक्री के कुल कितने प्रकरण दर्ज किए गए ? (ख) उक्त दर्ज प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

---

† परिशिष्ट "तीन"

†† परिशिष्ट "चार"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) प्रश्नांकित अवधि में अवैध शराब बिक्री के दर्ज प्रकरणों की जानकारी निरंक है. (ख) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर के प्रकाश में कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

सर्व शिक्षा अभियान के तहत अतिरिक्त कक्ष/मिडिल स्कूल भवन की स्वीकृति

23. (*क्र. 1171) **श्री चुरावन मंगेशकर** : क्या स्कूल शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अरहागांव विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2003-04, 2004-05 और 2005-06 में राजीव शिक्षा मिशन सर्वशिक्षा अभियान के तहत किन-किन स्कूलों में अतिरिक्त कमरा एवं मिडिल स्कूल भवन की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) क्या उक्त सभी कार्य पूर्ण हो गए ? (ग) अगर नहीं, तो कौन-कौन से कार्य अपूर्ण हैं ? अलग-अलग जानकारी देवें ?

**स्कूल शिक्षा मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) 125 अतिरिक्त कमरा एवं 18 मिडिल स्कूल भवन की स्वीकृति प्रदान की गई. स्कूलवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ पर है. (ख) जी नहीं. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-ब पर है.

भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन की व्यवस्था

24. (*क्र. 1759) **श्री नोवेल कुमार वर्मा** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा, जिला-जांजगीर-चांपा में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं तथा कितने आंगनबाड़ी केन्द्र प्रस्तावित है ? (ख) कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है ? (ग) भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण कब तक किया जाएगा ? (घ) आंगनबाड़ी केन्द्र में क्या-क्या सुविधा/सामग्री किस मान से प्रदान की जाती है ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) विकासखण्ड डभरा में 150 तथा विकासखंड मालखरौदा में 147 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है. विकासखण्ड डभरा में 23 एवं मालखरौदा में 4 अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के . (ख) प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भारत शासन को भेजे गये हैं. विकासखंड डभरा में 85 तथा मालखरौदा में 79 आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वयं के पक्के भवन स्वीकृत नहीं है. (ग) निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. (घ) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार है.

राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी

25. (*क्र. 1780) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी** : क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले के कोटा विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में हितग्राहियों की संख्या कितनी है ? (ख) क्या यह सही है कि भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन की राशि अगस्त 2006 से 75/- रु. के स्थान पर 200=00 कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या छ. ग. शासन द्वारा उसका भुगतान हितग्राहियों को उक्त अवधि में किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) कोटा विधान सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के कुल 2164 हितग्राही हैं. (ख) जी हां. राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को बढ़ी हुई दर से एरियर्स राशि के भुगतान के निर्देश दिये गये हैं.

-----

† परिशिष्ट "पांच"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 1321) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| क्र. | विकासखण्ड/परियोजना का नाम | वर्ष 2005-06 में स्वीकृत नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या | वर्ष 2006-07 में स्वीकृत नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या | स्वीकृत नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | पोंडीउपरोड़ा | 30 | - | 18 |
| 2. | पाली | 58 | - | 42 |
| | योग | 88 | - | 60 |

प्रपत्र "ब"

| क्र. | विकासखण्ड/परियोजना का नाम | चयन आदेश क्रमांक एवं दिनांक | | उक्त चयन आदेश द्वारा चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | आदेश क्रमांक | दिनांक | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | पाली | 199 | 25-07-06 | 33 |
| | | 479 | 22-11-06 | 6 |
| | | 549 | 13-12-06 | 3 |
| | | | योग | 42 |

# परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1170) की जानकारी ]

## बिलासपुर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जरहागांव विधान सभा अंतर्गत वर्ष 2006-07 में खोले गये प्रा. शा./मा. शा./हाईस्कूल शालाओं की जानकारी

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | स्कूल का नाम |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| प्राथमिक शाला :- | | |
| 1. | लोरमी | प्रा. शा. सेमरापारा |
| 2. | लोरमी | प्रा. शा. विचारपुर |
| माध्यमिक शाला :- | | |
| 1. | लोरमी | मा. शा. लालपुर कला |
| 2. | लोरमी | --,,-- हड़गांव |
| 3. | लोरमी | --,,-- नारायणपुर |
| 4. | लोरमी | --,,-- लखनपुर |
| 5. | लोरमी | --,,-- खेकतरा (दा) |
| 6. | लोरमी | --,,-- चन्द्रपुर |
| 7. | लोरमी | --,,-- परसाकापा |
| 8. | लोरमी | --,,-- इन्दलपुर |
| 9. | पथरिया | मा. शा. मुण्डादेवरी |
| 10. | पथरिया | --,,-- धुटेली |
| 11. | पथरिया | --,,-- सोठी (म.) |
| 12. | पथरिया | --,,-- परसिया |
| 13. | मुंगेली | --,,-- लोहडिया |
| 14. | मुंगेली | --,,-- सेमरचुवा |
| 15. | मुंगेली | --,,-- डोमनपुर |
| 16. | मुंगेली | --,,-- सोलहा बेल्हा |
| 17. | मुंगेली | --,,-- सोढार |
| 18. | मुंगेली | --,,-- ढबहा |
| हाईस्कूल :- | | |
| 1. | | निरंक |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1776) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 स्थित पाटेकोहरा वाणिज्यिक कर बेरियर से वर्ष 2006-2007 (अक्टूबर, 2006 से 15 फरवरी, 2007) तक निम्नानुसार कर अपवंचन के प्रकरण दर्ज किए गए :-

| क्रमांक | माल का नाम | प्रकरणों की संख्या |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | अनाज, सोयाबीन, धान, सूरजमुखी | निरंक |
| 2. | लोहा, अयस्क अथवा स्पंज आयरन | 02 |
| 3. | सीमेंट | निरंक |

प्रपत्र "ब"

## जांच चौकी पर वर्तमान में पदस्थ कर्मचारियों की सूची

| क्रमांक (1) | कर्मचारी का नाम (2) | पदनाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री टी. एल. ध्रुव | प्रभारी, वाणिज्यिक कर अधिकारी |
| 2. | श्री पी. के. शर्मा | सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी |
| 3. | श्री पी. के. पन्त | सहायक, वाणिज्यिक कर अधिकारी |
| 4. | श्री जे. आर. ध्रुव | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 5. | श्री ए. आर. बघेल | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 6. | श्री एफ. बड़ा | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 7. | श्री जी. एल. सिदार | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 8. | श्री एम. एस. ठाकुर | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 9. | श्री जी. एस. कोर्राम | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 10. | श्री के. एल. नवरत्न | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 11. | श्री पी. एस. कंवर | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 12. | श्री एम. एल. सोनी | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 13. | श्री डी. एल. कुर्राम | वाणिज्यिक कर निरीक्षक |
| 14. | श्री ए. एफ. निजामी | सहायक ग्रेड-तीन |
| 15. | श्री विजय बंगोड | भृत्य |
| 16. | श्री सन्तराम सिन्हा | भृत्य |
| 17. | श्री शोभाराम साहू | भृत्य |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 956) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

1. विभागीय अनुदान नियमावली 2005 में निर्धारित गतिविधियों के लिये पात्रता अनुसार अनुदान दिया जाता है.

2. सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विकासखण्ड तथा बस्तर जिले के ओरछा विकासखण्ड में एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना का संचालन किया जा रहा है.

3. पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण हेतु मध्यस्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है.

4. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है.

5. छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के निर्माण तथा संगठन से जुड़े अशासकीय संस्थाओं की मध्यस्थता से स्व-सहायता समूहों को मुख्यतः आर्थिक गतिविधियों के लिये ऋण उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है.

6. स्वयंसिद्धा योजना अंतर्गत दुर्ग जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड में जिला साक्षरता समिति दुर्ग को परियोजना क्रियान्वयन का कार्य दिया गया है.

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक (1) | एन. जी. ओ. का नाम (2) | वर्ष (3) | संचालित गतिविधि (4) | प्रदायित राशि (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नारी जागरण समिति, कैलाश नगर, दुर्ग | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 11970.00 |
| 2. | शक्तिशालिनी महिला सेवा समिति, न्यू खुर्सीपार, भिलाई | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 16000.00 |
| 3. | नई किरन महिला एवं बाल विकास समिति, भिलाई | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 16000.00 |
| 4. | श्री तुलसी मानस महिला मंडल, भिलाई-3 | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 14830.00 |
| 5. | नया सबेरा, महिला मंडल, न्यू खुर्सीपार, भिलाई | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 7200.00 |
| 6. | महिला मंडल रिसाली ग्राम, रिसाली भिलाई | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 16000.00 |
| 7. | मंदाकिनी महिला मंडल ग्राम फागुन दाह, गुरूर | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 12000.00 |
| 8. | बेरोजगार महिला सेवा समिति, न्यू खुर्सीपार, भिलाई | 2005-06 | बालवाड़ी संचालन | 16000.00 |
| 9. | जिला साक्षरता समिति, दुर्ग | 2005-06 | गुण्डरदेही विकासखण्ड में स्वयं-सिद्धा योजना क्रियान्वयन. | 161000.00 |
| 10. | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, दुर्ग (बाल कल्याण परिषद् द्वारा संचालित). | 2005-06 | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र. | 908932.00 |
| | | | योग | 1179932.00 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 1759) के भाग (घ) की जानकारी ]

**आंगनवाड़ी केन्द्रों में दी जाने वाली सेवाएं एवं सामग्री**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **पूरक पोषण आहार :-** | 1. | सामान्य बच्चों को | 80 ग्राम दलिया (प्रतिदिन) |
| | | 2. | अत्यधिक कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को, | 160 ग्राम दलिया (प्रतिदिन) |
| | आयरन फोर्टिफाईड साल्ट | 3. | आंगनवाड़ी के विभिन्न श्रेणी के हितग्राहियों को प्रति हितग्राही प्रतिमाह, | 500 ग्राम (प्रतिमाह) |
| 2. | **शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा -** | | 3-6 आयु वर्ग के बच्चों को | |
| 3. | टीकाकरण - | | | |
| 4. | स्वास्थ्य जांच - | | | |
| 5. | संदर्भ सेवा - | | | |
| 6. | स्वास्थ्य एवं पोषाहार शिक्षा - | | | |